स दा गइ। । क अनुसार नक मूल्याकन क प्रत्यक भा उपास्थत थ।

**परिचर्चा** | शासकीय हमीदिया कॉलेज में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

# पारदर्शिता लाने आईटी की भूमिका महत्वपूर्ण

सत्ता सुधार | भोपाल

शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में सोमवार को राज्य स्तरीय परिचर्चा प्रतियोगिता का आयोजन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार युवा संकल्प वर्ष के अन्तर्गत 'राजीव गांधी का सपना, आईटी कम्प्यूटर में अग्रणी हो देश अपना' विषय पर किया गया, जिसमें प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के चयनित 20 छात्र/छात्राओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. महेंद्र सिंह रघुवंशी, संयोजन डॉ.धर्मेंद्र पारे, संचालन डॉ. गीता गुप्त व



अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पीके जैन ने की। निर्णायक के तौर पर डॉ. दिवाकर सिंह, डॉ. मितुल कुमार अहिरवार, डॉ.रवि मोहन शर्मा रहे।

**विक्रम की तिषा प्रथमः** प्रथम स्थान प्राप्त विक्रम विवि उज्जैन की तिषा चौबे ने कहा आईटी से करोड़ों लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

## राजीव गांधी ने रखी कम्प्यूटर युग की नींव

द्वितीय स्थान पर रही नूतन महाविद्यालय की छात्रा विदुषी खरे ने कहा कि वर्तमान में विश्वविद्यालयों के आधुनिक शोध अनुसंधान में सूचना प्रौद्योगिकी की महती भूमिकाएं है। तृतीय स्थान पर रहे अवधेश प्रसाद विश्वविद्यालय के छात्र अनुराग गौतम ने कहा कि ग्रामीण जनता को शहर से जोड़ा जा सकें, गांव शहर की खाई को पाटा जा सके। देश को वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए कम्प्यूटर युग व आईटी की नींव राजीव गांधी ने रखी। इस अवसर पर विभिन्न विश्वविद्यालयों से आएं दल प्रभारी, विभागाध्यक्ष हिंदी डॉ. मृदुला निगम, विभागाध्यक्ष वाणिज्य डॉ. पुष्पलता चौकसे, डॉ. शारदा सिंह, डॉ. रचना तेलंग, डॉ. विकास जाऊलकर, शुभम चौहान सहित प्राध्यापक व छात्र उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर
03-Dec-2019
Page 2

CAMPUS इनसाइडर हमीदिया कॉलेज में आईटी कम्प्यूटर विषय पर परिचर्चा में प्रतिभागियों ने कहा-

# हम आईटी को मनुष्य का तीसरा नेत्र भी कह सकते हैं

सिटी रिपोर्टर . भोपाल

शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में सोमवार को राज्य स्तरीय परिचर्चा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका विषय राजीव गांधी का सपना, आईटी कम्प्यूटर में अग्रणी हो देश अपना रखा गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के चयनित 20 स्टूडेंट्स शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. महेंद्र सिंह रघुवंशी उपस्थित थे। वहीं बतौर निर्णायक डॉ. दिवाकर सिंह, डॉ. मितुल कुमार अहिरवार, डॉ. रवि मोहन शर्मा उपस्थित थे।



प्रतियोगिता में पहला स्थान पाने वाली विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन की प्रतिभागी तिषा चौबे ने कहा कि आईटी के माध्यम से करोड़ों लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। आज का समाज सूचना विज्ञान का समाज कहलाने लगा है। शासकीय कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी की भूमिका महत्वपूर्ण है, अतः हम आईटी को मनुष्य का तीसरा नेत्र भी कह सकते हैं। वहीं दूसरे स्थान पर रही नूतन कॉलेज की स्टूडेंट विदुषी खरे ने कहा कि वर्तमान में विश्वविद्यालयों के आधुनिक शोध अनुसंधान में सूचना प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिकाएं है। तीसरे स्थान पर रहे अवधेश प्रताप विश्वविद्यालय के स्टूडेंट अनुराग गौतम ने कहा कि ग्रामीण जनता को शहर से जोड़ा जा सके, गांव शहर की खाई को पाटा जा सके, देश को वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए कम्प्यूटर युग व आईटी की नींव राजीव गांधी ने रखी।

## भोपाल में हर साल 435 मीट्रिक टन ई-कचरा निकलता है

**सिटी रिपोर्टर**| डिजिटल इंडिया और क्लीन इंडिया के क्लीन टू ग्रीन कैंपेन के तहत सोमवार को कॅरियर कॉलेज में अवेयरनेस ऑन एन्वॉयनमेंटल हैजार्ड्स ऑफ ई-वेस्ट अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया गया। वहां मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधीक्षण अभियंता एचएस मालवीय ने कहा कि भोपाल में प्रतिवर्ष 435 मीट्रिक टन ई-कचरा दर्ज किया जाता है, जो हर साल 12 से 15 प्रतिशत बढ़ रहा है। भोपाल में हर घर में 4 किलो से अधिक ई-कचरा है। सरकारी एजेंसिया ई-कचरा प्रबंधन के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। उन्होंने बताया कि एमपीपीसीबीई कचरा प्रबंधन के बारे में वर्कशॉप के द्वारा लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रही है।

हमीदिया कॉलेज में राज्य स्तरीय परिचर्चा

# सूचना प्रौद्योगिकी से बढ़ाई जा सकती है पारदर्शिता



**भोपाल** ◆ हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में राज्य स्तरीय परिचर्चा प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसका विषय 'राजीव गांधी का सपना, आईटी कम्प्यूटर में अग्रणी हो देश अपना' था, जिसमें कई विवि से चयनित 20 स्टूडेंट्स ने भाग लिया।

प्रथम रहीं विक्रम विवि उज्जैन की त्रिषा चौबे ने कहा कि आईटी के माध्यम से करोड़ों लोगों को रोजगार मिल रहे हैं। सूचना प्रौद्योगिकी से शासकीय कार्यों में पारदर्शिता लाई जा सकती है। द्वितीय रहीं नूतन कॉलेज की विदुषी खरे ने कहा कि विवि के आधुनिक शोध अनुसंधान में सूचना प्रौद्योगिकी की महती भूमिकाएं हैं। तृतीय स्थान पर रहे अवधेश प्रसाद विवि के छात्र अनुराग गौतम ने कहा कि आईटी के माध्मय से ही गांव और शहर की खाई को पाटा जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. महेंद्र सिंह रघुवंशी, प्राचार्य डॉ. पीके जैन, विभागाध्यक्ष हिंदी डॉ. मृदुला निगम, विभागाध्यक्ष वाणिज्य डॉ. पुष्पलता चौकसे, डॉ. शारदा सिंह, डॉ. रचना तैलंग, डॉ. विकास जाऊलकर, शुभम चौहान आदि उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय परिचर्चा, प्रदेश के सात विश्वविद्यालयों के छात्रों ने लिया भाग

# पारदर्शिता के लिए सूचना प्रौद्योगिकी की भूमिका महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल में राज्य स्तरीय परिचर्चा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार युवा संकल्प वर्ष के अन्तर्गत 'राजीव गांधी का सपना, आईटी कम्प्यूटर में अग्रणी हो देश अपना' विषय पर किया गया। इसमें चयनित 20 छात्र/छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ.महेंद्र सिंह रघुवंशी, संयोजन डॉ.धर्मेंद्र पारे, अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पीके जैन ने की। प्रतियोगिता में रोचक मुकाबले देखने को मिले।



भोपाल. प्रतियोगिता के दौरान अपना पक्ष रखती प्रथम पुरस्कार विजेता तिषा चौबे।

## आज सूचना विज्ञान का समाज

प्रथम स्थान प्राप्त विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन की प्रतिभागी तिषा चौबे ने परिचर्चा में कहा कि आईटी के माध्यम से करोड़ों लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। आज का समाज सूचना विज्ञान का समाज कहलाने लगा है। शासकीय कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए आईटी की भूमिका महत्वपूर्ण है। द्वितीय स्थान पर रही नूतन महाविद्यालय की छात्रा विदुषी खरे ने कहा कि वर्तमान में विश्वविद्यालयों के आधुनिक शोध अनुसंधान में सूचना प्रौद्योगिकी की महती भूमिकाएं है। तृतीय स्थान पर रहे अनुराग गौतम ने कहा कि ग्रामीण जनता को शहर से जोड़ा जा सकें, गांव शहर की खाई को पाटा जा सकें। देश में कम्प्यूटर युग व आईटी की नींव राजीव गांधी ने रखी।

# पारदर्शिता लाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी की भूमिका महत्वपूर्ण- चौबे

**हमीदिया कॉलेज में राज्य स्तरीय परिचर्चा, प्रदेश के 07 विश्वविद्यालयों के 20 छात्रों ने लिया भाग, विक्रम विश्वविद्यालय की तिषा रहीं प्रथम**

**भोपाल दैनिक जयहिन्द न्यूज़।** शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल में राज्य स्तरीय परिचर्चा प्रतियोगिता का आयोजन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार युवा संकल्प वर्ष के अन्तर्गत 'राजीव गांधी का सपना, आईटी कम्प्यूटर में अग्रणी हो देश अपना' विषय पर किया गया, जिसमें प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के चयनित 20 छात्र/छात्राओं ने सहभागिता की।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ महेंद्र सिंह रघुवंशी, संयोजन डॉ. धर्मेंद्र पारे, संचालन डॉ. गीता गुप्त व अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पीके जैन ने की। निर्णायक के तौर पर डॉ. दिवाकर सिंह, डॉ. मितुल कुमार अहिरवार, डॉ. रवि मोहन शर्मा रहे। प्रथम स्थान प्राप्त विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन की प्रतिभागी तिषा चौबे ने कहा कि आईटी के माध्यम से करोड़ों लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। आज का समाज सूचना विज्ञान का समाज कहलाने लगा है। शासकीय कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी की भूमिका महत्वपूर्ण हैं अतः हम आइटी को मनुष्य का तीसरा नेत्र भी कह सकते हैं। द्वितीय स्थान पर रही नूतन महाविद्यालय की छात्रा विदुषी खरे ने कहा कि वर्तमान में विश्वविद्यालयों के आधुनिक शोध अनुसंधान में सूचना प्रौद्योगिकी की महती भूमिकाएं है। तृतीय स्थान पर रहे अवधेश प्रसाद विश्वविद्यालय के छात्र अनुराग गौतम ने कहा कि ग्रामीण जनता को शहर से जोड़ा जा सकें, गांव शहर की खाई को पाटा जा सकें। देश को वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए कम्प्यूटर युग व आईटी की नींव राजीव गांधी ने रखी। इस अवसर पर विभिन्न विश्वविद्यालयों से आएं दल प्रभारी, विभागाध्यक्ष हिंदी डॉ मृदुला निगम, विभागाध्यक्ष वाणिज्य डॉ पुष्पलता चौकसे, डॉ शारदा सिंह, डॉ रचना तेलंग, डॉ विकास जाऊलकर, शुभम चौहान सहित प्राध्यापक व छात्र उपस्थित रहे।